# बहुविकल्पी वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र – विज्ञान प्रयोगात्मक
## कक्षा–10

समय : 1:30 घंटे | पूर्णांक : 20

निर्देश –

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. कुल 30 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में केवल एक विकल्प सही है।
3. खण्ड अ में 20 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 0.5 अंक का है और खण्ड ब में 10 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

## खण्ड – अ

1. विलयन मिश्रण होता है –
   (i) विलेय और विलायक का (ii) विलेय और विलेय का
   (iii) विलायक और विलायक का (iv) उपरोक्त सभी
2. गन्धक चूर्ण को जलाने पर प्राप्त उत्पाद होगा –
   (i) सल्फर ट्राई ऑक्साइड (ii) आयरन सल्फाइड
   (iii) सल्फर डाइ ऑक्साइड (iv) गन्धक नही जलेगा
3. वस्तु को कहाँ पर रखें कि उसका प्रतिबिम्ब न बने –
   (i) फोकस पर (ii) वक्रता केन्द्र पर
   (iii) फोकस और वक्रता केन्द्र के बीच (iv) अनंत पर
4. काँच के आयताकार गुटके का कोणीय विचलन है –
   (i) 0 अंश (ii) 45 अंश
   (iii) 90 अंश (iv) 180 अंश
5. कॉपर सल्फेट के विलयन में लौह चूर्ण डालने पर अभिक्रिया होगी –
   (i) प्रतिस्थापन (ii) संयोजन
   (iii) वियोजन (iv) उपचयन
6. जल के गलनांक और क्वथनांक में अन्तर होगा –
   (i) $80^0C$ (ii) $90^0C$
   (iii) $100^0C$ (iv) $110^0C$
7. ग्लूकोज के एक अणु के आक्सीकरण से प्राप्त ऊर्जा है :
   (i) 18 एटीपी (ii) 28 एटीपी
   (iii) 38 एटीपी (iv) 48 एटीपी
8. द्विविखण्डन इनमें से नही होता है :
   (i) अमीबा में (ii) पैरामीशियम में
   (iii) खमीर में (iv) कैटलफिश में
9. ओसमोसिस (परासरण) गुण है :
   (i) विलायक का विलयन में जाना (ii) विलयन का विलायक में जाना
   (iii) विलेय का विलायक में जाना (iv) उपरोक्त तीनों
10. श्रेणीक्रम में परिपथ के सभी भागों में भिन्न होता है –
    (i) विद्युत धारा (ii) वोल्टेज
    (iii) दोनों (iv) इनमें से कोई नहीं
11. A, B, C, D विलयनों के PH मान क्रमशः 3, 4, 5 ,9 हैं। अत्यधिक अम्लीय विलयन होगा।
    (i) A (ii) B
    (iii) C (iv) D
12. सोडियम कार्बोनेट विलयन में हाइड्रोक्लोरिक अम्ल मिलाने पर अभिक्रिया होगी –
    (i) हाइड्रोजन गैस निकलेगी (ii) आक्सीजन निकलेगी
    (iii) कार्बन डाइ आक्साइड निकलेगी (iv) हाइड्रोजन सल्फाइड निकलेगी
13. प्रतिस्थापन अभिक्रिया में परिवर्तन होगा –
    (i) असंतृप्त यौगिक से संतृप्त यौगिक में (ii) संतृप्त यौगिक से असंतृप्त यौगिक में
    (iii) कोई परिवर्तन नही होगा (iv) केवल एक उत्पाद प्राप्त होगा।
14. प्रतिध्वनि का कारण है –
    (i) रेडियो तरंग का परावर्तन (ii) ध्वनि का परावर्तन

(iii) प्रकाश का परावर्तन (iv) अवश्रव्य तरंग का परावर्तन

15. यदि किसी ठोस पदार्थ का आपेक्षिक घनत्व 1 से अधिक हो तो वह जल में
(i) तैरेगा (ii) डूब जायगा
(iii) आंशिक रूप से तैरेगा (iv) आंशिक रूप से डूब जायगा।

16. पारा का घनत्व होता है –
(i) $13.6kg/m^3$ (ii) $10.3kg/m^3$
(iii) $15.6kg/m^3$ (iv) $12.6kg/m^3$

17. पानी का क्वथनांक होता है –
(i) $60^0c$ (ii) $80^0c$
(iii) $100^0c$ (iv) $90^0c$

18. तरंग वेग (v) आवृति (ν) तथा तरंग दैर्ध्य (λ) के बीच सम्बन्ध है –
(i) $v = \nu \lambda$ (ii) $v = \nu/\lambda$
(iii) $v = \lambda/\nu$ (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं।

19. प्याज की झिल्ली की अस्थायी स्लाइड को सूक्ष्मदर्शी से देखने पर निम्नलिखित में क्या दिखाई पड़ता है –
(i) रन्ध (ii) संवहन बंडल
(iii) जाइलम (iv) फ्लोयम

20. क्लेरन काइमा कोशिकायें है जिनमे –
(i) हरित लवक अनुपस्थित होता है । (ii) जेन्थेफिल होते हैं।
(iii) क्लोरोफिल होता है। (iv) टैनिन होते है।

## खण्ड – ब

21. आयरन सल्फेट विलयन में जिंक मिलाने पर क्या होगा –
(i) आयरन अवक्षेपित होगा (ii) आयरन सल्फेट का हरा रंग फीका होगा।
(iii) (i) और (ii) दोनों (iv) कोई अभिक्रिया नही होगी

22. एसीटिक अम्ल किस गंध द्वारा पहचाना जाता है –
(i) अमोनिया जैसी गंध से (ii) सिरके जैसी गंध से
(iii) फूलों जैसी गंध से (iv) सड़े अण्डे जैसी गंध से

23. एक परिपथ में 10 वोल्ट का विभव एवं 5 ओम का एक प्रतिरोध लगा है, परिपथ में प्रवाहित धारा का मान होगा –
(i) 50 एम्पियर (ii) 2 एम्पियर
(iii) 0.5 एम्पियर (iv) 0.2 एम्पियर

24. यदि $2\Omega$ और $6\Omega$ के दो प्रतिरोध समान्तर क्रम में जुड़े हो तो तुल्य प्रतिरोध होगा –
(i) 8.0 ओम (ii) 4.0 ओम
(iii) 0.33 ओम (iv) 1.5 ओम

25. नमक, रेत और अमोनियम क्लोराइड के मिश्रण को गर्म करने पर सर्वप्रथम पृथक होगा –
(i) नमक (ii) रेत
(iii) अमोनियम क्लोराइड (iv) नमक और रेत दोनों

26. फर्न ड्रायोप्टेरिस में निम्न कौन सा लाक्षणिक लक्षण है –
(i) विषम बीजाणुता (ii) बीज होना
(iii) बहिका (iv) समबीजाणुता

27. केचुएं मे अंडाशय किस खण्ड में पाया जाता है –
(i) 13 (ii) 9
(iii) 10 (iv) 26

28. स्टोमेटा का कार्य है –
(i) गैसों का आदान प्रदान, संवाहन (ii) गैसों का आदान प्रदान, वाष्पीकरण
(iii) (i) और (ii) दोनों (iv) गैसों का भण्डारण, गतिशीलता

29. प्रकाश संश्लेषण में आक्सीजन प्राप्त होती है –
(i) कार्बन डाइ आक्साइड से (ii) जल से
(iii) वायु से (iv) क्लोरोफिल से

30. पत्ती में स्टार्च का परीक्षण होता है –
(i) आयोडीन विलयन से (ii) ब्रोमीन विलयन से
(iii) क्लोरीन विलयन से (iv) फ्लोरिन विलयन से

# विज्ञान (सैद्धान्तिक)

## कक्षा–10

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 60

निर्देश –

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्नपत्र दो भागों में विभक्त है। खण्ड 'अ' में 20 प्रश्न और खण्ड 'ब' में 10 प्रश्न है।
3. प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## खण्ड – अ

1. विद्युत आवेश का S.I.मात्रक बताइए। 1
2. 1 Kwh कितने जूल के बराबर होता है ? 1
3. वक्रता त्रिज्या तथा फोकस दूरी में क्या सम्बन्ध है ? 1
4. 2m फोकस दूरी वाले किसी अवतल लेंस की क्षमता ज्ञात कीजिए। 1
5. नेत्र में मोतियाबिन्द की स्थिति समझाइए। 1
6. ओम का नियम लिखिए। किसी चालक का प्रतिरोध किन कारकों पर निर्भर करता है ? 2

   अथवा

   400 Wअनुमत का कोई विद्युत रेफ्रिजरेटर 8 घंटे/दिन चलाया जाता है। 3.00 रूपये प्रति Kwh की दर से इसे 30 दिन तक चलाने के लिए ऊर्जा का मूल्य क्या है ? 2
7. प्रकाश के अपवर्तन के नियम लिखें। लेन्स की क्षमता का मात्रक लिखिए। 2
8. विद्युत चुम्बकीय प्रेरण की घटना से आप क्या समझते हैं? प्रेरित विद्युत धारा की दिशा ज्ञात करने के लिए फ्लेमिंग का दक्षिण–हस्त नियम लिखिए। 3
9. किसी परिपथ में विभवान्तर की माप किस यंत्र द्वारा की जाती है? $2\Omega$, $3\Omega$, $4\Omega$, $5\Omega$ तथा $6\Omega$ के तीन प्रतिरोधकों को किस प्रकार संयोजित करेंगे कि संयोजन का कुल प्रतिरोध (a) $4\Omega$ तथा (b) $1\Omega$ हो। 3
10. प्रमुख रूप से दृष्टि के तीन सामान्य अपवर्तन दोष कौन–कौन से हैं ? निकट दृष्टि दोष के कारण तथा इसका निवारण कैसे किया जाता है ? 3
11. सिरके जैसी गंध युक्त अम्ल का नाम व सूत्र लिखिए। ½+½=1
12. $CH_2=CH_2+HBr \longrightarrow CH_3\text{-} CH_2Br$ किस प्रकार की अभिक्रिया है ? 1
13. ऐसी धातु का नाम व एक अन्य गुण लिखिए जो कमरे के ताप पर द्रव होती हैं ? ½+½=1
14. CNG का पूरा नाम लिखिए। 1
15. दो ऐसे तत्वों के नाम बताइए जिनमें केवल एक कोश होता है? ½+½=1
16. A से B का सुमेलन कीजिए। ½X4=2

| **A** | **B** |
|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| (a) | क्षारीय आक्साइड | नाइट्रोजन |
| (b) | अक्रिय तत्व | फ्लोरीन |
| (c) | द्वितीय आवर्त का तत्व | आर्गन |
| (d) | -1 संयोजकता | मैग्नीशियम आक्सॉइड |
| | | कार्बन डाइ आक्साइड |

अथवा

तत्व M के क्लोराइड का सूत्र $MCl_3$ है, M के ऑक्साइड का सूत्र एवं आवर्त सारिणी में M का समूह बताइए। 1X2=2

17. संयोजन एवं प्रतिस्थापन अभिक्रिया में एक विभेद लिखिए तथा दोनों अभिक्रियाओं का एक–एक उदाहरण दीजिए। 1+½+½=2

18. (i) सोडियम कार्बोनेट बनाने की विधि लिखो। (केवल रासायनिक समीकरण दें।)
(ii) सोडियम कार्बोनेट विलयन में $CO_2$ गैस प्रवाहित करने पर क्या प्राप्त होगा?
(iii) पदार्थ के जलीय विलयन की प्रकृति बताइए यदि यह लाल लिटमस को नीला कर देता है? 1X3=3

19. (a) धातुएं अधातुओं से किस प्रकार भिन्न हैं? किन्हीं दो गुणों से स्पष्ट कीजिए।
(b) Fe, Li, Ag, Cu, H तत्वों की विद्युत रासायनिक श्रेणी बनाइये तथा अत्यधिक सक्रिय एवं निष्क्रिय तत्व की पहिचान कीजिए। 1+½+½=2

20. (i) $CH_3\text{-}CH_2\text{-}CH_2\text{-}CH_2\text{-}OH$, $CH_3\text{-}CH\text{-}CH_2\text{-}CH_3$ का IUPAC नाम लिखिए। ½X2
(ii) एस्टरीकरण किसे कहते हैं? एस्टर पर जलयोजन कराने पर क्या प्राप्त होगा? 1+1=2

अथवा

1. परिवर्तन कीजिए –
   (i) एथेनोइक एसिड से मेथेनोइक एसिड 2
   (ii) एथाइन से एथेन
2. क्लोरो एथेन के दो सजातीय श्रेणी के सदस्यों के नाम लिखिए। ½+½=1

## खण्ड – ब

21. प्रकाश संश्लेषण क्रिया में प्रकाश ऊर्जा का अवशोषण कोशिका के किस अंगक द्वारा किया जाता ? 1

22. पारितन्त्र में सर्वाधिक जीवों की संख्या वाले पोषी स्तर का नाम लिखिए? 1

23. प्रतिवर्ती चाप की क्रिया को नांमाकित चित्र द्वारा प्रदर्शित कीजिए। 2

**अथवा**

मानव मस्तिष्क के कितने भाग होते हैं? प्रत्येक का केवल नाम लिखिए।रक्त दाब, लार आना तथा वमन का नियन्त्रण मस्तिष्क के किस भाग द्वारा किया जाता है। 2

24. भौम जल से होने वाले चार लाभों का उल्लेख कीजिए। ½ X4=2

25. उपार्जित एवं आनुवंशिक लक्षणों में अन्तर लिखिए तथा इन लक्षणों के एक–एक उदाहरण

भी दीजिए। 2

26. एक जल वैद्युत संयंत्र का नामांकित चित्र बनाइए। 2

**अथवा**

उत्तम ऊर्जा के श्रोत की चार विशेषतायें लिखिए। ½ X4=2

27. निम्न लिखित पर टिप्पणी लिखिए–

(क)पुनुरुद्भवन(ख) मुकुलन (ग) कायिक प्रवर्द्धन 1+1+1=3

**अथवा**

(क) मानव के नर जनन तंत्र का नामांकित चित्र बनाइए। 2

(ख) टेस्टोस्टेरोन हार्मोन का एक मुख्य कार्य लिखिए। 1

28. जीवाश्म किसे कहते हैं ? जीवाश्मों के बनने की क्रिया विधि का उल्लेख कीजिए। 1+2=3

29. पारितंत्र में उपस्थित जैव घटक उत्पादक,उपभोक्ता एवं अपघटक की व्याख्या कीजिए। 3

30. (क) मानव हृदय के अनुप्रस्थ काट का नामांकित चित्र बनाइए। 2

(ख) मानव हृदय की क्रिया विधि का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए। 2

(ग) सामान्य अवस्था में रुधिर का प्रकुंचन दाब तथा अनुशिथिलन दाब कितना होता है। 1

**अथवा**

(क) स्वपोषी तथा विषमपोषी पोषण में क्या अन्तर है ? 2

(ख) पादपों में होने वाली स्वपोषण की क्रिया को क्या कहते हैं ? 1

(ग) पादपों में होने वाली स्वपोषण की क्रिया के लिए किन–किन पदार्थों की आवश्यकता होती है तथा वे इसे कहाँ से प्राप्त करते हैं ? 2

# गृहविज्ञान
## कक्षा–10

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 75**

निर्देश : (i) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

(ii) इस प्रश्न पत्र में कुल 27 प्रश्न हैं, जो क, ख, ग तथा घ चार खण्डों में विभाजित हैं। खण्ड 'क' में एक – एक अंक वाले 7 प्रश्न, खण्ड 'ख' में दो–दो अंक वाले 6 प्रश्न, खण्ड 'ग' में तीन–तीन अंक वाले 7 प्रश्न, तथा खण्ड 'घ' में पाँच–पाँच अंक वाले अंक वाले 7 प्रश्न हैं। उनके उत्तर हेतु निर्देश उनके पहले दिये गये हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के नियत अंक उसके सामने दर्शाए गये हैं।

(iv) खण्ड 'क' तथा खण्ड 'ख' में कोई विकल्प नही है। खण्ड 'ग' व खण्ड 'घ' में तीन – तीन अंक चार प्रश्नों तथा पाँच–पाँच अंक वाले पाँच प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिये गये हैं।

(v) खण्ड 'क' तथा खण्ड 'ख' में अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। खण्ड 'ग' में लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। खण्ड 'घ' में दीर्घ उत्तरीय प्रश्न शामिल हैं।

### खण्ड 'क'

निम्नलिखित अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए।

प्रश्न –1 एगमार्क प्रमाणीकरण किन वस्तुओं से संबधित हैं ? 1

प्रश्न –2 समस्त आवश्यकताओं को पूरा करने वाले आहार को क्या कहते हैं ? 1

प्रश्न –3 विटामिन $B_1$ तथा $B_2$ का रासायनिक नाम लिखिए। 1

प्रश्न –4 ऊर्जा की मात्रा का मापन किसके द्वारा किया जाता है ? 1

प्रश्न –5 पारिवारिक व्यय को प्रभावित करने वाले दो कारको के नाम लिखिए। 1

प्रश्न –6 पारिवारिक बचत का क्या लाभ है ? 1

प्रश्न –7 उपभोक्ता किसे कहते हैं ? 1

### खण्ड 'ख'

निम्नलिखित 6 अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में दीजिए।

प्रश्न –8 विकास की प्रक्रिया को चलाने वाले चार मूल तत्वों के नाम लिखिए। 2

प्रश्न –9 शैशवावस्था का क्या महत्व है ? 2

प्रश्न –10 खोजक खेल किसे कहते हैं ? 2

प्रश्न –11 विटामिन 'ए' के दो कार्य लिखिए। 2

प्रश्न –12 रेशमी वस्त्रों को किस प्रकार का कलफ लगाया जाता है ? 2

प्रश्न –13 साबुन में कौन से तत्व पाए जाते हैं ? 2

### खण्ड 'ग'

निम्नलिखित 7 लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 से 40 शब्दों में दीजिए।

प्रश्न –14 विकास की मुख्य विशेषता को लिखिए। 3

प्रश्न –15 बच्चों को विश्राम एवं निद्रा की आवश्यकता क्यों होती है ? 3

अथवा

बच्चों को शारीरिक स्वच्छता की आवश्यकता क्यों होती है ?

प्रश्न –16 छोटे बच्चों की पुस्तकें किस प्रकार की होनी चाहिए ? 3

अथवा

शिशु के जीवन में टेलीविजन की उपयोगिता लिखिए ?

प्रश्न –17 खेल के प्रकार लिखिए। 3

अथवा

खेल तथा कार्य में क्या अन्तर है ?

प्रश्न –18 कपड़ो पर लगे खून के धब्बे छुड़ाने की विधि लिखिए। 3

अथवा

कपड़ो पर लगे चाय, काफी आदि के धब्बे छुड़ाने की विधि लिखिए।

प्रश्न –19 सफेद वस्त्रों को नील क्यों लगाया जाता है ? 3

प्रश्न –20 वस्त्रों की धुलाई में साबुन का क्या महत्व है ? 3

## खण्ड 'घ'

निम्नलिखित दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग 70 शब्दों में दीजिए।

प्रश्न –21 कार्बोहाइड्रेटस क्या है? इसकी कमी तथा अधिकता के प्रभावों को लिखिए। 5

प्रश्न –22 आहार–नियोजन की क्या आवश्यकता है ? 5

अथवा

आहार–नियोजन के कारक लिखिए।

प्रश्न –23 आहार–स्वास्थ्य विज्ञान के कौन–कौन से क्षेत्र हैं ? 5

अथवा

नष्ट होने वाले भोज्य पदार्थो के उचित संग्रह की विधि लिखिए।

प्रश्न –24 पारिवारिक साधनों के मुख्य प्रकारों को लिखिए। 5

अथवा

पारिवारिक साधनों की सामान्य विशेषताओं को लिखिए।

प्रश्न –25 पारिवारिक बचत की आवश्यकता एवं महत्व को लिखिए। 5

अथवा

पारिवारिक व्यय को प्रभावित करने वाले कारकों को लिखिए।

प्रश्न –26 उपभोक्ता के मुख्य अधिकारों को लिखिए। 5

अथवा

उपभोक्ता के संरक्षण के उपाय लिखिए।

प्रश्न –27 तैयार वस्त्रों से क्या लाभ हैं ? 5

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2010

## सामाजिक विज्ञान

### कक्षा–10

समय : 3 घण्टे | पूर्णांक : 80

सामान्य निर्देश –

(i) इस प्रश्नपत्र में कुल 29 प्रश्न है। सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिये गये हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के प्रश्न एक–एक अंक के हैं। प्रत्येक का उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए।

(iv) प्रश्न संख्या 11 से 18 तक के प्रश्न तीन–तीन अंको के हैं। प्रत्येक का उत्तर 80 शब्दों से अधिक न हो।

(v) प्रश्न संख्या 19 से 28 तक के प्रश्न चार–चार अंको के हैं। प्रत्येक का उत्तर 100 शब्दों से अधिक न हो।

(vi) प्रश्न संख्या 29 मानचित्र से सम्बन्धित है मानचित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिये।

(vii) प्रथम प्रश्न से प्रारम्भ कीजिए। अन्त तक करते जाइये जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिये।

1. जैव और अजैव संसाधन क्या हैं। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिये। 1
2. सामाजिक विभाजन किस तरह से राजनीति को प्रभावित करते हैं ? 1
3. लोकतंत्र किस प्रकार उत्तरदायी जिम्मेवार और वैध सरकार का गठन करता है ? 1
4. उद्योग पर्यावरण को कैसे प्रदूषित करते हैं ? 1
5. गाँधी जी ने असहयोग आन्दोलन को वापस लेने का फैसला क्यों किया ? 1
6. जल दुर्लभता क्या है? इसके मुख्य कारण क्या हैं ? 1
7. 1992 के संविधान संशोधन के पहले और बाद के स्थानीय शासन के दो महत्वपूर्ण अन्तरों को बताइये। 1
8. दो राज्यों के नाम बताइये। जहाँ काली मृदा पायी जाती है ? 1
9. ऐसे दो कारक बताइये जिनसे उपभोक्ताओं का शोषण होता है ? 1
10. बैंकों के दो प्रमुख कार्य लिखिए। 1

**नोट – प्रश्न संख्या 11 और 12 के लिए नीचे तीन समूह 'अ' 'ब' 'स' दिये गये हैं। इन दोनों प्रश्नों के उत्तर के लिए किसी एक समूह को ही चुनिए।**

### समूह 'अ'

11. परिवहन तथा संचार के साधन किसी देश की जीवन रेखा तथा अर्थव्यवस्था क्यों कहे जाते हैं ? 3
12. भारत में सौर ऊर्जा का भविष्य उज्जवल है क्यों? 3

### समूह 'ब'

11. शासन के संघीय और एकात्मक स्वरूपों में क्या–क्या मुख्य अन्तर है ? इसे उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट करें। 3
12. किन्ही दो प्राविधानों का जिक्र करें। जो भारत को धर्म निरपेक्ष देश बनाते हैं ? 3

### समूह 'स'

11. अठ्ठारहवी सदी के मध्य से लंदन की आबादी क्यों फैलने लगी कारण बताइये ? 3
12. तकनीक और समाज में आये उन बदलाओं के बारे में बताइये जिनके चलते अठ्ठारवी सदी के यूरोप में उपन्यास पढ़ने वालों की संख्या में वृद्धि हुई। 3

13. जर्मन एकीकरण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिये। 3

अथवा

प्रमुख भारतीय व्यापारियों ने औपनिवेशिक शहरों में खुद को किस तरह स्थापित किया ?

14. कृषि उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा किये गये उपाय सुझाइये। 3

15. विस्तार पूर्वक बतायें कि मानव क्रियायें किस प्रकार प्राकृतिक बनस्पति जात और प्राणी जात के हास के कारक हैं। 3

16. प्रौद्यौगिक और आर्थिक विकास के कारण संसाधनों का अधिक उपभोग कैसे हुआ है। 3

17. परम्परागत वर्षा जल संग्रह की पद्धतियों को आधुनिक काल में अपनाकर जल संरक्षण एवं भंडारण किस प्रकार किया जा रहा है ? 3

18. विदेशी व्यापार का क्या अर्थ है? उसके लाभ लिखिए। 3

19. चावल की खेती के लिए उपयुक्त भौगोलिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिये। 4

अथवा

कृषि उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा किये गये उपाय सुझाइये ?

20. पिछले 15 वर्षो अन्तराष्ट्रीय व्यापार की बदलती प्रवृति पर एक लेख लिखिए। 4

21. सामाजिक अन्तर क्या और कैसे सामाजिक विभाजानों का रूप लेते हैं ? 4

22. दबाब समूहों और राजनीतिक दलों के आपसी सम्बन्धों का स्वरूप कैसा होता है ? वर्णन कीजिए। 4

23. भारत की संघीय व्यवस्था में बेल्जियम से मिलती–जुलती एक विशेषता लिखिए। 4

24. भारत की विधायिकाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की स्थिति क्या है लिखिए। 4

25. किन्ही दो देशों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए बताइए कि उन्नीसवीं सदी में राष्ट्र किस प्रकार विकसित हुए ? 4

26. आपदा के दौरान राहत कार्यो में सहयोग करने वाले संगठनों की व्याख्या कीजिये। 4

27. जातिवाद किस प्रकार लोकतन्त्र के मार्ग में बाधक है, विवेचना कीजिए। 4

28. बहुराष्ट्रीय कम्पनी से क्या आशय है ? आधुनिक अर्थव्यवस्था में उनकी कार्य प्रणाली पर प्रकाश डालिए। 4

29. दिये गये भारत के राजनैतिक रेखा मानचित्र पर उन दो राज्यों की पहचान कर उन राज्यों के नाम लिखिए। जहाँ निम्नलिखित ऐतिहासिक भवन का मन्दिर हैं।

(क) ताजमहल (ख) स्वर्ण मन्दिर

दिये गये भारत के इसी मानचित्र पर संकेतों की सहायता से निम्नलिखित को दर्शाइये और स्थानों के नाम भी लिखिए तथा मानचित्र को उत्तर पुस्तिका में संलग्न कीजिए।

(ग) सूरत में सूती वस्त्र उद्योग चिन्ह से 1

(घ) हैदराबाद हवाई पत्तन चिन्ह से 1

(ड़) नरोरा आण्विक केन्द्र चिन्ह से 1

(च) अजमेर में अभ्रक क्षेत्र चिन्ह से 1

**नोट –** निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर है।

उन राज्यों के नाम लिखिए जहाँ निम्न स्थान हैं–

(क) ताजमहल (ख) स्वर्ण मन्दिर

उन राज्यों के नाम लिखिए जहाँ निम्नलिखित स्थित हैं –

(ग) सूरत में सूती वस्त्र उद्योग 1

(घ) हैदराबाद हवाई पत्तन 1

(ड़) नरोरा आण्विक केन्द्र 1

(च) अजमेर में अभ्रक क्षेत्र 1

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2010

# हिन्दी

## कक्षा–10

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 100**

निर्देश :– 1. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं। उत्तर यथासम्भव व क्रमवार लिखिए।

2. प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

### खण्ड 'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

जीवन की कला ठूँठ की तरह खड़े रहने में नही है, यह जो पेड़ अपनी जवानी में ही सूख गया, जानते हो क्यों? क्योंकि इसकी जड़ों ने रस लेना बन्द कर दिया था। जीवन में लहलहाने का एक ही तरीका है कि उसे विभिन्न रसों को लेने दो। एक विशेष विषय में निपुण होने का तात्पर्य यह नहीं है कि तुम फुटबॉल के ग्राउण्ड में मत जाओ, व्यापार में इतने तल्लीन मत हो जाओ कि बच्चों को भूल जाओ, पुस्तकों के कीड़े मत बन जाओ की हँसी बुरी लगने लगे। जीवन में विविध रस लेना सीखो और इतना रस लो कि बुढ़ापे की झुर्रियों में उदासीनता और निराशा की एक झुर्री भी न पड़े। रहने का तरीका यही है कि गले में संगीत हो, होठों पर मुस्कराहट हो, आँखों में हँसी हो, हृदय में उमंग हो और इस प्रकार गाते हुए बढ़ो, हँसते हुए मिलो, मुस्कराते हुए विदा लो।

(क) लेखक के अनुसार जीने की वास्तविक कला क्या है ? 2

(ख) 'जीवन' में विविध रस लेना सीखों से' क्या तात्पर्य है ? 2

(ग) व्यक्ति ठूँठ कब बन जाता है ? 2

(घ) जीवन की कला किसमें नहीं है ? 2

(ड़) इस गघांश के लिए कोई उपयुक्त शीर्षक सुझाइए। 2

2. दिये गये संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए : 10

(क) स्वदेश प्रेम :
- (1) देश प्रेम का अर्थ
- (2) स्वदेश का महत्व
- (3) देश प्रेम : एक उच्च भावना
- (4) देश प्रेम की भावना की आवश्यकता।

(ख) वन और पर्यावरण :
- (1) सभ्यता और संस्कृति का उद्‌भव
- (2) वनों की महत्ता
- (3) पर्यावरण संतुलन में योगदान
- (4) वन संरक्षण में जनसामान्य की भूमिका।

3. सौभाग्य के पिता देहरादून से स्थानांतरित होकर नैनीताल आ गए हैं। उनकी ओर से राजकीय इण्टर कॉलेज, नैनीताल के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए जिसमें दसवीं कक्षा में प्रवेश देने की प्रार्थना की गई हो। 5

अथवा

विद्यालय में नियमित उपस्थित रहने और परीक्षा की तैयारी भली–भॉति करते रहने की सलाह देते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए।

4. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रियापद छाँटकर उसका भेद लिखिए :

(क) आज माँ ने पकवान बनाए। 1

(ख) तुमने मेरे मित्र को अपनी कविता सुनाई। 1

निर्देशानुसार उत्तर लिखिए :

(ग) वह जोर–जोर से गा रहा है। 1

(क्रिया–विशेषण छाँटकर लिखिए)

(घ) आपने खाना खाया या नहीं ? 1

(समुच्चयबोधक शब्द छाँटकर लिखिए)

5. निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए :

(क) लता घर आई और उसने पत्र लिखा। 1

(सरल वाक्य में बदलिए)

(ख) क्या वह इतना मूर्ख है ? 1

(निषेधवाचक में बदलिए)

वाच्य परिवर्तन कीजिए :

(ग) भगवान हमारी रक्षा करता है। 1

(कर्मवाच्य में)

(घ) पुस्तक कलम से लिखी गई है। 1

(वाच्य का नाम लिखिए)

6. निम्नलिखित के दो–दो अर्थ लिखिए – 2

(क) अंबुज

(ख) अरूण

7. निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी एक काव्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे गए किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3+3=6

उधौ, तुम हौ अति बड़भागी।
अपसर रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।
प्रीति–नदी मैं पाउँ न बौरयौ, दृष्टि न रूप परागी।
'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी।।

(क) इस पद का प्रमुख प्रतिपाद्य विषय स्पष्ट कीजिए।

(ख) उद्धव को सौभाग्यशाली क्यों कहा गया है?

(ग) कमल पत्र की क्या विशेषता है?

अथवा

छाया मत छूना
मन, होगा दुख दूना।
जीवन में हैं सुरंग सुधियाँ सुहावनी
छवियों की चित्र–गंध फैली मनभावनी,
तन–सुगंध शेष रही, बीत गई यामिनी,
कुंतल के फूलों की याद बनी चाँदनी।
भूली–सी एक धुवन बनता हर जीवित क्षण –

(क) ''छाया मत छूना'' में छाया का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ख) सुधियों को 'सुहावनी' और 'सुरंग' क्यों कहा गया है?

(ग) हर जीवित क्षण ''भूली–सी एक धुवन'' कैसे बन जाता है?

8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3+3=6

(क) 'अट नहीं रही है' कविता में किसका चित्रण है?

(ख) 'आत्मकथ्य' कविता में स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि का क्या आशय है?

(ग) नागार्जुन ने फसल को किस रूप में परिभाषित किया है?

9. (क) 'संगतकार' कविता में निहित जीवन–मूल्यों पर प्रकाश डालिए। 2

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों का काव्य–सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2

सूर समर करनी करहिं कहि न जनाबहिं आपु।
बिद्यमान रन पाइ रिपु कायर कथहिं प्रतापु ।।

10. निम्नलिखित गद्यांशो में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

फादर को याद करना एक उदास शांत संगीत को सुनने जैसा है। उनको देखना करूणा के निर्मल जल में स्नान करने जैसा था और उनसे बात करना कर्म के संकल्प से भरना था। मुझे 'परिमल' के वे दिन याद आते हैं जब हम सब एक पारिवारिक रिश्ते में बँधे जैसे थे, जिसके बड़े फादर बुल्के थे। हमारे हँसी–मजाक में वह निर्लिप्त शामिल रहते, हमारी गोष्ठियों में वह गंभीर बहस करते, हमारी रचनाओं पर बेबाक राय और सुझाव देते और हमारे घरों के किसी भी उत्सव और संस्कार में वह बड़े भाई और पुरोहित जैसे खड़े हो हमें अपने आशीषों से भर देते।

(क) आशय स्पष्ट कीजिए –''उनको देखना करूणा के निर्मल जल से स्नान करने जैसा था और उनसे बात करना कर्म के संकल्प से भरना था।'' 2

(ख) लेखक फादर कामिल बुल्के से संबंधित किन मधुर स्मृतियों में खो जाता है ? 2

अथवा

हाँ, इतना जरूर था कि उस ज़माने में घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं हो जाती थीं, बल्कि पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थीं इसीलिए मोहल्ले के किसी भी घर में जाने पर कोई पाबंदी नहीं थी, बल्कि कुछ घर तो परिवार का हिस्सा ही थे। आज तो मुझे बड़ी शिद्धत के साथ महसूस होता है कि अपनी जिंदगी खुद जीने के इस आधुनिक दबाव ने महानगरों के फ्लैट में रहने वालों को हमारे इस परंपरागत 'पड़ौस–कल्चर' से विच्छिन्न करके हमें कितना संकुचित, असहाय और असुरक्षित बना दिया है।

(क) घर की दीवारें पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थीं, लेखिका के इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) 'पड़ौस–कल्चर' से विच्छिन्न होने का क्या दुष्परिणाम हमें प्राप्त हुआ है ? 2

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2+2=4

(क) स्वयं प्रकाश की कहानी 'नेताजी का चश्मा' की विषयवस्तु क्या है ?

(ख) 'स्त्री–शिक्षा के विरोधी' कौन–सी दलीलें देते हैं ?

(ग) गुरू गोविन्द सिंह जी से पूर्व जो गुरू हुए हैं उनके बारे में उल्लेख कीजिए।

12. (क) रेखाचित्र के आधार पर बालगोबिन भगत के चरित्र में भक्ति भावना को प्रकट करने वाला कोई एक प्रसंग लिखिए। 3

(ख) लेखक की दृष्टि से 'सभ्यता' और 'संस्कृति' की सही समझ अब तक क्यों नहीं बन पाई है ? 2

13. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2+2+2=6

(क) 'साँप' को देखकर भोलानाथ की क्या दशा हुई ?

(ख) सरकारी तन्त्र में जॉर्ज पंचम की नाक लगाने को लेकर जो चिंता या बदहवासी दिखाई देती है वह उनकी किस मानसिकता को दर्शाती है ?

(ग) देश की सीमा पर बैठे फौजी किस तरह की कठिनाइयों से जूझते है ? हमारा उनके प्रति क्या उत्तरदायित्व होना चाहिए ?

(घ) लेखक ने अपने आपको हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया ?

## खण्ड 'ब'

14. अधोलिखितेषु अनुच्छेदः अवलोकयतु तर्हि किंञ्चितः त्रयः उत्तरम् लेख्यः। 2+2+2=6

प्रतिदिनम् अत्र सान्ध्यवेलायां गंगादेव्याः आरार्तिकस्य दृश्यम् अतीव मनोहरं भवति। यदा जनाः पावने गंगाजले दीपार्पणं कुर्वन्ति, सन्ध्यावन्धनं पुष्पार्चनं च कुर्वन्ति तदा तत्र अद्वितीया ज्योतिष्मती शोभा विराजते। हरिद्वारं मन्दिराणां महताम् आश्रमाणां संगमस्थली अपि अस्तिं। अत्र मनसादेवीमन्दिरं, चण्डीदेवीमन्दिरं, बिल्वकेश्वरमन्दिरं, दक्षेश्वरमन्दिरं, मायादेवीमन्दिरं, ब्रहमकुण्डं, कुशाव्रतम् इत्यादीनि अनेकानि पौराणिकस्थलानि सन्ति।

(क) कस्य दृश्य अतीव मनोहरं भवति ?
(ख) कदा तत्र अद्वितीया ज्योतिष्मती शोभा विराजते?
(ग) हरिद्वारं केषां संगमस्थली अस्ति?
(घ) 'दीपाणाम् अर्चनम्' अस्य समस्तपदं गद्यांशात् चिनुत।

15. निम्नलिखितेषु पद्यः पठतितेन आधारितम् द्वौ प्रनाः पूरयित्वा। 2+2=4

रात्रीर्गमिष्यति भविष्यति सुप्रभातं
भास्वानुदेष्यति हसिस्यति पङ्कजालिः।
इत्थं विचिन्तयति कोशगते द्विरेफे
हा हन्त! हन्त! नलिनीं गज उज्जहार।।

(क) द्विरेफः किं विचिन्तयति ?
(ख) कोशगते द्विरेफे विचिन्तयति किम् अभवत् ?
(ग) सुप्रभाते किं भवति ?

16. अधोलिखितम् प्रश्न सर्वे समानाः किंञ्चित त्रयः उत्तरम् लेख्यः। 2+2+2=6

(क) सज्जनाः कीदृशाः भवन्ति ?
(ख) कविः कोकिलं किं कथयति ?
(ग) चाणक्यः कुत्र निवसति स्म ?
(घ) कौत्सः रघुं दृष्ट्वा किं विचारयति ?

17. निम्नलिखितेषु वाक्योंः समानाः एतेषु केनापि चत्वारः वाक्यानि रिक्तिषु पूरयित्वा। 1+1+1+1=4

(क) सज्जनानां स›तिः..................................भवति।
(असत्›तिः / सत्स›तिः / विस›तिः)
(ख) दुर्जनस›Sन........................................वर्धनं भवति।
(गुणानां / दोषाणं / रूपाणां)
(ग) नितरां...................................अस्मि इति त्वं खेदं मा कृथाः।
(उच्चः / नीचः)
(घ) यतो मां...................................गु´जया तोलयति।
(महिलाः / जनाः)
(ङ) मानवं पुत्रवत्.................................तारयन्ति।
(वृक्षाः / पुत्राः / पुयः)
(च) इदं श्रुत्वा चोरेषु................................उत्पन्नां।
(दुःखं / लज्जा)

18. अधोलिखितम् प्रश्नाः अवलोक्य त्रयः उत्तरम् लेख्यः। 2+2+2=6

(क) केनापि द्वौ पदेः सन्धि विच्छेदनम् च सन्धि सहितम् पूरयित्वाः।
यद्यपि, नयनम्, उपोषति।
(ख) किंञ्चितेन द्वौ पदेन सविग्रह समाधेयाः च समासः लेख्यः।
उपकृष्णम्, नवरात्रम्, पीताम्बरः, रामलक्ष्मणौ।

(ग) यत्र लिखितषु वाक्येन स्थूलपदेनापि अवलोक्य कष्य द्वौ कारक समाधेयाः तर्हि सूत्रम् वर्णनीयः।

1. राजा **दरिद्राय** भोजनम् ददाति।
2. अहं **ग्रामात** गच्छामि।
3. खगाः **वृक्षेषु** कूजन्ति।

(घ) निम्नलिखितेषु उपसगेषु समानाः उक्तेषु द्वौ उपसर्गेन वक्ष्यमाणाः द्वौ–द्वौ शब्द रचनाया स्थापनीयाः।

उप, अनु, अति।

(ङ) कथं उपसर्गेन बोधयित्वाः।

19. निम्नलिखितेषु पद्यैः समानाः उक्तेषु चत्वारः पद्यैः संस्कृत वाक्यानि परिवर्तयति। 1+1+1+1=4

(क) यस्य, (ख) क्रीडति (ग) विद्यालयम्,

(घ) अत्र, (ङ) वनेषु, (च) परितः।

अथवा

अधोलिखितषु वाक्यानि समीचीनम्। उक्त पद्यैः द्वौ वाक्येषु संस्कृत भाषायाम् विधेयम्। 2+2=4

(क) सदा सत्य की ही विजय होती है।

(ख) छात्रों को राष्ट्रीय गान का आदर करना चाहिए।

(ग) गाय दूध देती है।

# MODEL PAPER
## Class-X
## English

General Instructions :

1. This paper is divided into four sections – A, B, C and D.
2. All questions are Compulsory. Marks are indicated against each question.

**Section 'A' – (Reading)**

1. Read the passage given below and answer the questions that follow :

The youth is the most precious resource on earth. As a teacher, my advice to children is that they should try and excel in their education.Wherever they get time, Saturday, Sunday or other holidays, they should go the nearest village with their teachers and educate at least five people. They must learn to nurture nature and help in creating a knowledgeable society.

In life there are going to be many problems. The challenge is to defeat all problems and succeed. We all face failures. But we should remember that the difficulties make us grow, so when your hopes, dreams and goals are dashed, search among the wreckage. You may fine a golden opportunity hidden in the ruins. I would like to narrate an incident .I was given the leadership of the SLV -3 project in 1973 and Prof. Satish Dhawan , my senior ,told me "I have given you a project a team and the money required . Now you have to do the job. Defeat the problems .After appointing you the project director, even the chairman of ISRO (Indian Space Research organization) works for you" . The entire space community was geared up for this task .In 1979, it took off in the early hours and the first stage worked beautifully .Then, it could not achieve its objectives as the control system malfunctioned. There was a press conference at Sriharikota, where Prof. Dhawan took responsibility for not achieving the goals of the mission. Remember, I was a mission director .I worked hard on figuring out what went wrong. After a year on July 18, 1980, we had a successful launch.

Questions :

(a) What does the writer advise the children to do on holidays. 2

(b) How should we face problems?- 2

(c) How do the difficulties make us grow? 2

(d) Why did Prof. Dhawan take responsibility for failure of SLV-3? 2

2. Read the passage given below and answer the questions that follow:

Several times in the history of the world particular countries and cities or even small groups of the people, have attained a high degree of civilization. Yet none of these civilizations , important as they were ,have lasted, and none of the reasons why

they did not last was that they were confined to a very few people .They were like little oases of civilization in the desert of barbarism . Now it is no good being civilized if everybody round about you is barbarous, or rather it is some good but it is very risky .For the barbarians are always liable to break on you and with there greater number and rude vigour scatter your civilization on the winds .Over and over again in history comparatively civilized people living in cities have been won in this way by barbarians coming down from the hills and burning and killing and destroying whatever they found in the plains .In the thirteenth century most of Europe was overrun in this way by the Mongols from central Asia and such civilization as then existed was nearly destroyed. Thus any people which has advanced in civilization too far beyond its neighbours has always been liable to be set upon and pulled back by the others ,just as if you build a high tower without people supports ,it is always liable to fall down to the level of the lower building round about it.

Questions :

(a) Why do advanced civilizations not last for long? 3

(b) Why is being civilized very risky? 3

(c) Who destroyed civilization in most of Europe in the 13th century? 3

(d) Use the following in your sentences –'liable to, set upon' 3

**Section "B" (Writing)**

3. Write an application to the principal of your school requesting him/her to give you a certificate or a testimonial. 8

**OR**

Write a letter to your mother describing your recent visit to hill station .your name is Ramanuj.

4. Write a paragraph of 60 words on any one of the following topics: 4

(a) The importance of trees

(b) An ideal student

(c) Independence Day celebration in my School.

5. Given below are a few points on the topic 'Education in India'. Write a paragraph in about 80 words using these points . 8

**Hints:** A country of 1000 millions – less inventions –non-thinking population— unsolved problems –result ? memory monsters, followers of instructions— photo- copies of one another.

**Section "C" (Grammar)**

6. Fill in the blanks with the correct form of non –finites given in the brackets:

½ x4 =2

(a) India is a ………… (Develop) country.

(b) It is not difficult ……. (Learn) English.

(c) He shot a…………(fly) bird.

(d) ……..(walk) is good for health.

7. Combine the following pairs of the sentence using the sentence connectors given in the brackets- 2

(a) It is raining. I am not going out.(as)

(b) There is life .There is hope .(While)

8. Complete the following paragraphs using clauses given in the box. 2

| |
|---|
| Who is a famous doctor, where my brother Ramesh has been living, which is very impressive? |

I am going to Delhi ………for the last ten years .I am eager to see the metro rail…….. I will also meet Ramnath.

9. Fill in the blanks with the correct form of the verbs given in the brackets---- 1x3=3

(a) I….. (Finish) my work when he arrived.

(b) He ……..(sleep) for three hours.

(c) Sohan …….(go) to Agra last week.

10. Complete the following sentences using modals: 2

(a)You …… all read and write.

(b) Ram….. come at once.

11. (**A)** – Rearrange the following words and phrases to form meaningful sentences. 2

(a) Children soundly are sleeping the now.

(b) Why sitting my are dest at you?

**B** –Transform the following sentences into passive voice: 2

(a) He gave me a book.

(b) We make butter from milk.

**Section 'D'-(Prose) (Text Book)**

12.Read the extract given below and the answer the question that follow:- 5

That was twenty four hours ago. Since then nobody had come near him .The day before, all day long he had watched his parents flying about with his brothers and sisters, perfecting them in the art of flight ,teaching them how to skim the waves and how to dive for fish. He had, in fact, seen his older brother catch his first herring and devour it, standing on the rock, while his parents circled around raising a proud cackle. And all the morning the whole family had walked about on the big plateau midway down the opposite cliff taunting him with his cowardice

(a) What had happened twenty four hours ago?

(b) What did parents teach his brother and sister?

(c) Why did the parents reise a proud crackle?

(d) Why did the whole family taunt the little seagull?

(e) Which word in the passage means 'eat up quickly and hungrily'?

13. Read the following passage and answer the questions that follow: 5

The baker or bread seller of those days had a peculiar dress known as the Kabai. It was a single piece long frock reaching down to the knees .In our childhood we saw backers wearing a shirt and trousers which were shorter than full length ones and longer than half pants. Even today, anyone who wears a half pant which reaches just below the knees invites the comment that he is dressed like a pader!

(a) What is a Kabai?

(b) What dress was worn by bakers when the writer was a child?

(c) What is a person called if he is wearing half pant that reaches just below the knee?

(d) What is the passage about?

(e) Which word in the passage means 'strange /particular?

14. Answer the following question in about 80 words: 6

What did being free mean to Mandela as a boy and as a student?

**OR**

How one can enjoy life in the region of Coorg?

15. Answer the following question in about 30-40 words: 4

What similarity do you find between a small school boy and Mijbil ?

**OR**

Give two reasons for Lomov's trembling?

**(Poetry)**

16. Read the following extract and answer the questions that follow:

Some say the world will end in fire
Some say in ice
From what I have tasted of desire
I hold with those who favour fire.

(a) What are the two views of the people? 1

(b) With whom does the poet favour with? 1

(c) How do you view the above ideas? 2

**OR**

They do not sweat and whine about
Their condition

They do not lie awake in the dark and
Weep for their sins,
They do not make me sick discussing
Their duty to God.

(a) Identify 'they' in the above stanza. 1

(b) Mention three things which they do not do? 1

(c) How do they feel of their sins? 1

(d) Trace a word that means 'murmur' 1

17. Answer any two of the following questions in about 30-40 words each? 2x3=6

(a) What does the tiger remember while stalking in his case?

(b) Write the central idea of the poem 'The Ball Poem'

(c) How do you think Amanda is? How do you know this?

**(Supplementary Reader)**

18. Answer the following question in about 100 words: 8

How would you assess Griffin as a scientist?

**OR**

How do honeybees identify their own honeycombs?

19. Answer the following question in about 30-40 words: 4

Who is speaking to Horace Danby?

**OR**

What does he say about Lutkins?

20. Answer the following question in about 20-30 words: 3

How does the thief think Anil will react to the theft?

**OR**

Why is Bholi's father worried about her?

## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2010

# कृषि

## कक्षा – 10

**समय – 03 घण्टे** **पूर्णांक – 60**

**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**प्रश्न 1: इस प्रश्न में प्रत्येक प्रश्न खण्ड के चार–चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। आप इनसे सही उत्तर छॉटकर क्रमवार अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।** **1×5=5**

**(अ) निम्न में सर्वाधिक प्रोटीन पायी जाती है –**
(क) मटर (ख) चना (ग) मूंग (घ) अरहर

**(ब) गाय की साहीवाल नस्ल है –**
(क) दुधारू (ख) दुकाजी (ग) भारवाही (घ) इनमें से कोई नहीं

**(स) जब खेती के साथ पशुपालन का व्यवसाय किया जाता है, तो इसे कहते हैं –**
(क) मिलवा खेती (ख) मिश्रित खेती (ग) दियारा खेती (घ) शुष्क खेती

**(द)** इनमें से कौन सी भेड़ की नस्ल है –
(क) हिसार डेल (ख) पश्मीना (ग) मारवाड़ (घ) बीकानेरी

**(य)** बाग लगाने में कन्टूर विधि का प्रयोग किया जाता है –
(क) पहाड़ों पर (ख) समतल मैदानों में (ग) रेगिस्तान में (घ) उपरोक्त में कोई नहीं

**प्रश्न 2: निम्नलिखित प्रश्न खण्डों से पॉच खण्डों के उत्तर दीजिए** **1×5=5**

(क) मक्का की फसल में बीज की प्रति एकड़ मात्रा लिखो।
(ख) तराई में गाय–भैंस में होने वाले प्रमुख रोग का नाम बताओ।
(ग) आम्रपाली किस फसल की जाति है।
(घ) गेहूँ का वानस्पतिक नाम बताओ।
(ड.) चारे और दाने (अनाज) दोनों के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखने वाली फसल का नाम बताओ।
(च) गुलाब से बनाई जाने वाली औषधि का नाम बताओ।

**प्रश्न 3: निम्नलिखित में किन्ही 5 में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –** **1×5=5**

(क) देशी आम के दो पेड़ों के बीच की दूरी ................ मी0 होनी चाहिए।
(ख) मुर्रा नस्ल ................ की नस्ल है।
(ग) फलों में निर्जलीकरण के बाद नमी ............................ प्रतिशत् रहती है।
(घ) चौंसा ............................. की देर से पकने वाली जाति है।
(ड.) कायिक प्रवर्धन द्वारा ................................. पुष्प पौधे को तैयार किया जाता है।
(च) दुग्ध दोहन की सर्वोत्तम विधि ................................. है।

**प्रश्न 4: निम्न में किन्हीं 5 खण्डों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए –** **2×5=10**

(क) जीवाणु नाशक क्रिया किसे कहते हैं।
(ख) ऋतुओं के आधार पर फसलों को कितने भागों में वर्गीकृत किया गया है।
(ग) अरहर की दो उन्नतिशील किस्मों के नाम बताइये।
(घ) गाय एवं भैंस के दूध में वसा का प्रतिशत बताइये।
(ड.) बछड़े के लिए खीस का महत्व बताइये।
(च) स्वच्छ दुग्ध प्राप्त करने के लिए क्या–क्या बातें ध्यान रखेंगे।?

**प्रश्न 5: निम्न प्रश्न खण्डों में से किन्हीं पांच खण्डों के उत्तर दीजिए –** **3×5=15**

(क) फसल चक्र से आप क्या समझते हैं, इसके सिद्धान्त बताइये।
(ख) गूटी द्वारा पौध तैयार करने की विधि का संक्षिप्त वर्णन किजिए।
(ग) शुद्ध एवं स्वच्छ दुग्ध में अन्तर समझाइये।

(घ) पशु आहार हेतु उपयुक्त हरे चारों के नाम बताओ।
(ड.) अमरूद की जैली बनाने की विधि का वर्णन कीजिए।
(च) गेहूॅं का कडुंवा रोग की पहचान और उसका उपचार बताइये।

**प्रश्न 6**: सन्तुलित आहार से आप क्या समझते हैं? सूखी गाय एवं दूध देने वाली गाय के आहार में अन्तर बताइये ?

अथवा

उत्तराखण्ड के परिप्रेक्ष्य में पुष्पोत्पादन के महत्व एवं आवश्यकता पर प्रकाश डालिये ? **05**

**प्रश्न 7**: गेहूॅं अथवा धान की फसल का विस्तार से वर्णन कीजिए ? **05**

**प्रश्न 8**: बाग लगाते समय ध्यान रखने योग्य आवश्यक बातों का विस्तार से वर्णन कीजिए ? **05**

**प्रश्न 9**: आम अथवा अमरूद की खेती का विस्तार से वर्णन कीजिए ? **05**